07 भगवान परशुराम की जयंती उत्साह पूर्वक मनाई...



08 भगवान देवनारायण की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का श्रीगणेश...



## समाचार संक्षेप

### अवैध खनन पर सख्तीः रूठियाई में 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**गुना।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा शिकायतों के आधार पर निगरानी बढ़ाते हुए छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रूठियाई क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से एम सैंड और गिट्टी भरते हुए 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गईं। सभी वाहनों को मौके पर जब्त कर थाना/चौकी रूठियाई में खड़ा कराया गया है तथा उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और परिवहन पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। कार्रवाई में खनिज अधिकारी श्री सचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती सहित विभागीय अमला मौजूद रहा।

### गुना में बजरंग दल का जोरदार विरोध प्रदर्शन राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

गुना । शहर में बजरंग दल द्वारा देश की टीसीएस कंपनी में हिन्दू बहनों के खिलाफ बड़ा षड्यंत्र रचा गया । उसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया । कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर हिन्दू विरोधियों के खिलाफ नारेबाजी की और तत्पश्चात राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा। कार्यक्रम में प्रांत मठ-मंदिर प्रमुख दीपक मिश्रा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जबकि प्रांत सत्संग प्रमुख सुरेश शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। दोनों वक्ताओं ने अपने संबोधन में देश में बढ़ती हिन्दू विरोधी मानसिकता लव जिहाद धर्मांतरण लैंड जिहाद जैसी घटनाएं दिन प्रतिदिन हो रही है हिंदुओं को लगातार टारगेट कर प्रताड़ित किया जा रहा है असामाजिक गतिविधियों पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से सख्त और त्वरित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा, अवैध कब्जों और अन्य गंभीर मामलों को लेकर प्रभावी कदम उठाना आवश्यक है, ताकि कानून-व्यवस्था मजबूत बनी रहे और आमजन में सुरक्षा का भाव कायम रह सके। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को जोरदार तरीके से रखा और प्रशासन से ठोस कार्रवाई की अपेक्षा जताई। बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए शांति और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संदेश भी दिया।

### धरनावदा में सनसनीखेज चोरीः दीवार खोदकर घर में घुसे चोर, लाखों के जेवर और नकदी ले उड़े

**गुना।** जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम बेरखेड़ी में चोरों ने हैरान कर देने वाली वारदात को अंजाम दिया। सूने घर को निशाना बनाते हुए शातिर बदमाशों ने दीवार में सेंध लगाकर भीतर प्रवेश किया और अलमारी के ताले तोड़कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी चोरी कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार फरियादी प्रीतम अहिरवार रोज की तरह खेत पर फसल की रखवाली के लिए गया हुआ था, जबकि उसकी पत्नी बादामीबाई घर पर अकेली थी। रात करीब डेढ़ बजे घर के अंदर से संदिग्ध आवाजें आने पर महिला को शक हुआ। जब उसने कमरे का दरवाजा खोलने की कोशिश की तो वह अंदर से बंद मिला। अनहोनी की आशंका पर महिला ने शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग जाग गए।शोर सुनते ही चोर दीवार में बनाई गई सेंध के रास्ते भाग निकले। अंदर जाकर देखा गया तो अलमारी के ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। चोर सोने के बाला, अंगूठी, नथ, चांदी के आभूषण, सिक्के और करीब 11 हजार रुपये नगद लेकर फरार हो गए।सूचना मिलते ही धरनावदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश में जुटी है। घटना से गांव में दहशत का माहौल है और लोगों ने सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

### जयस्तंभ पर टैक्सी चालकों की मनमानी से लगा जाम, बाइक फिसलने से स्कूल शिक्षक घायल

**गुना।** शहर के व्यस्ततम जयस्तंभ चौराहे पर बेलगाम यातायात और टैक्सी चालकों की मनमानी राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है। शनिवार सुबह इसी अव्यवस्था के कारण एक निजी स्कूल के शिक्षक दुर्घटना का शिकार होकर अस्पताल पहुंच गए। गौरव छाबड़ा सुबह करीब 8 बजे अपनी बाइक से स्कूल जा रहे थे, तभी आर्य समाज स्कूल के पास लगे भारी जाम में संतुलन बिगडऩे से उनकी बाइक स्लिप हो गई। हादसे में घायल शिक्षक को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सामाजिक संगठनों ने इस पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रशासन की चुप्पी से इन चालकों के हौसले बुलंद हैं, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने इस संदर्भ में लिखित शिकायत कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

# शहर में निकाली भव्य शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भगवान विष्णु के छठे अवतार, शक्ति, साहस और धर्म के प्रतीक भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव गुना शहर में श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। वैशाख मास की शुक्ल पक्ष तृतीया (अक्षय तृतीया) के पावन अवसर पर पूरे शहर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला।प्रातःकाल रामलीला मैदान स्थित हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सुसज्जित रथ पर भगवान परशुराम की प्रतिमा विराजमान रही। शोभायात्रा में घोड़ों पर सवार युवतियां, ढोल-नगाड़ों पर थिरकते युवा तथा रंग-बिरंगे परिधानों में ब्राह्मण समाज के महिला-पुरुष शामिल हुए। यह यात्रा हनुमान चौराहा, हाट रोड, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज होते हुए दुबे कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में "जय परशुराम" के जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण गूंजता रहा। विभिन्न स्थानों पर रघुवंशी, कायस्थ और ब्राह्मण समाज सहित अन्य समुदायों द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने फूल-मालाएं अर्पित कर आरती उतारी और पूजन किया। दुबे कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर पहुंचने पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना, हवन एवं यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में संत महामंडलेश्वर स्वामी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें अन्याय और अधर्म के विरुद्ध खड़े होने तथा सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने समाज से एकजुट रहकर सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन अनिल भार्गव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन नरेन्द्र भार्गव द्वारा किया गया। स्वागत भाषण आनंद भार्गव एवं अतिथि परिचय नर्मदा शंकर भार्गव ने प्रस्तुत किया।इस अवसर पर राधेश्याम पारीक, अनिल नायक, प्रमोद शर्मा, आर.डी. शर्मा, दामोदर शर्मा, अरुण चतुर्वेदी, मनोज दुबे, रजनीश शर्मा, पार्षद दिनेश शर्मा एवं नीता तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आयोजित यह कार्यक्रम शहर में आस्था, सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन गया।

### जानकी मेडिकल के पास ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने किया भव्य स्वागत




गुना।भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर निकली भव्य शोभायात्रा का जानकी मेडिकल के पास ब्राह्मण समाज की महिलाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।इस दौरान समाज की महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया, जिससे वातावरण श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हो गया। कार्यक्रम में समाज की अनेक गणमान्य महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल, ठंडाई एवं कोल्ड ड्रिंक की व्यवस्था भी की गई, जिससे यात्रा में शामिल लोगों को राहत मिली।इस अवसर पर अध्यक्ष सपना शर्मा, सचिन भार्गव, कोषाध्यक्ष संध्या शर्मा, स्वीटी शर्मा, सीमा पलिया, नीरज अवस्थी, सोनम शर्मा, मनीष उपाध्याय, सरिता शर्मा, लीना शर्मा, सुनीता नायक एवं भारती नायक सहित समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम ने सामाजिक एकता, सेवा भाव और श्रद्धा का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

### एमएलबी स्कूल स्टाफ ने किया चल समारोह का स्वागत, पुष्प वर्षा से गूंजा माहौल



**गुना।** भगवान श्री परशुराम प्राकट्योत्सव के अवसर पर रविवार सुबह पुरानी गल्ला मंडी से निकाले गए विशाल शोभायात्रा एवं चल समारोह का शासकीय एमएलबी गर्ल्स हाई सेकेंडरी स्कूल के स्टाफ सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।स्वागत के दौरान भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधिवत पूजन किया गया और भक्तों ने आरती उतारी। इस दौरान चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।"जय परशुराम" के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए भक्तों के लिए छाछ एवं पेयजल की व्यवस्था भी की गई, जिससे लोगों को राहत मिली।इस अवसर पर मनमोहन मालवीय, संतोष चतुर्वेदी, रविंद्र शर्मा, जय कृष्ण शुक्ला, योगेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा, बृजेश भार्गव, विपिन पाराशर, मदन शर्मा, लालकृष्ण शर्मा, राजमणि दुबे, नरेंद्र भारद्वाज, कुणाल शर्मा एवं अर्पित भार्गव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



## नगर पालिका गुना में 44 जोड़ों का सामूहिक विवाह व निकाह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका परिषद गुना द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 44 जोड़ों का सामूहिक विवाह एवं निकाह विधिवत सम्पन्न कराया गया। श्री हनुमान टेकरी मेला प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में 38 हिंदू एवं 6 मुस्लिम जोड़ों का विवाह एवं निकाह अपने-अपने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ। योजना के अंतर्गत शासन द्वारा प्रत्येक पात्र कन्या के खाते में 49,000 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से जमा कराई जाती है। दोपहर 1 बजे प्रारंभ हुए इस आयोजन में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।नगर पालिका द्वारा आयोजन के लिए सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई। सभी हिंदू जोड़ों को नामांकित वेदियों पर बैठाया गया, पहचान पत्र प्रदान किए गए तथा परिजनों के लिए भोजन टोकन की व्यवस्था की गई। बाहर से आए परिवारों के ठहरने हेतु हॉल क्रमांक 5 एवं 6 में गद्दे, कूलर आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई।कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं वरिष्ठ नेता अरविंद गुप्ता द्वारा प्रत्येक जोड़े को सीलिंग फैन एवं 8 लीटर का वाटर कैंपर भेंट किया गया। वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा भी नवदंपतियों को उपहार प्रदान किए गए तथा वार्ड क्रमांक 20 की पार्षद कृष्णा मौर्य द्वारा तांबे के कलश भेंट किए गए।सभी जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन अनुशासन एवं सुव्यवस्था के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री ने कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, वर-वधु पक्ष एवं नगर पालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

## कलेक्टर द्वारा 2 आदतन अपराधियों को एक-एक वर्ष के लिए किया जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल द्वारा जिले के 02 आदतन अपराधी को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धाराओं के अंतर्गत 01-01 वर्ष के लिए जिलाबदर करने के आदेश जारी किए गये हैं।जारी आदेश अनुसार कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री कन्याल ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर आदतन अपराधी लल्लू जाट उर्फ बृजभान पुत्र दर्शनसिंह जाट, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम रिछैरा थाना कैंट गुना तथा राजू रघुवंशी पुत्र विजय सिंह रघुवंशी, निवासी ग्राम देवरी थाना आरोन को 01-01 वर्ष के लिये गुना जिला एवं इससे लगी सीमावर्ती जिले शिवपुरी, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा, भोपाल की सीमा से निष्कासन संबंधी आदेश पारित किए।

## शादी की खुशियां मातम में बदलीं, बेकाबू ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर

### राजस्थान के युवक की मौके पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जामनेर थाना क्षेत्र के मुडियागढ़-बटावदा मार्ग पर शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक डक्र हादसे में एक युवक की जान चली गई। मामा के घर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे दो ममेरे भाइयों को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने रौंद दिया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल है।जानकारी के अनुसार, राजस्थान के बारां जिले का निवासी दिलखुश भील (22) अपने ममेरे भाई अंकित भील के साथ बाइक से कचनारिया जा रहा था। रात करीब 8 बजे जब वे पानी वाले महुआ के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे सोनालिका ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उन्हें सीधी टक्कर मार दी। हादसे में दिलखुश के सिर में गंभीर चोट आने से उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया, वहीं पीछे बैठा अंकित भी घायल हो गया।घटना के समय पीछे दूसरी बाइक पर चल रहे परिजनों ने अपनी आंखों के सामने यह खौफनाक मंजर देखा। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण एकत्रित हुए और शव को अस्पताल भिजवाया। जामनेर थाना पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां इस हादसे के बाद मातम में बदल गईं।

**जामनेर थाना क्षेत्र के मुडियागढ़-बटावदा मार्ग पर पर घटित हुआ हादसा**




### केंट थाना क्षेत्र में हुए सनसनीखेज हत्या प्रकरण में न्यायालय का फैसला

# दोषियों को आजीवन कारावास व अर्थदंड भी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंट थाना क्षेत्र में हुए सनसनीखेज हत्या प्रकरण में न्यायालय ने मात्र 4 माह के भीतर फैसला सुनाते हुए दोषियों को आजीवन कठोर कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। यह निर्णय गुना पुलिस की सशक्त विवेचना और प्रभावी पैरवी का परिणाम माना जा रहा है।

**घटना का विवरण :** 16 नवम्बर 2025 को केंट क्षेत्र में निर्माणाधीन शासकीय हाईराइज क्वार्टर में कार्यरत बिहार निवासी 22 वर्षीय श्रमिक शंकर की उसके ही साथी श्रमिक तूफानी मांझी और राजेश मांझी ने मारपीट कर तथा सिर को कीचड़ में दबाकर हत्या कर दी थी। इस मामले में केंट थाने में प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक घंटे के भीतर ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। मजबूत विवेचना और पैरवी प्रकरण की जांच सीएसपी प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण और थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राहुल शर्मा द्वारा की गई। बारीकी से साक्ष्य एकत्रित कर 23 जनवरी 2026 को न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया। शासन की ओर से जिला अभियोजन अधिकारी हजारीलाल बैरवा के मार्गदर्शन में लोक अभियोजक अलंकार बशिष्ठ ने प्रभावी पैरवी की।




#### न्यायालय का निर्णय

सत्र न्यायाधीश अभिताभ मिश्र ने 18 अप्रैल 2026 को निर्णय सुनाते हुए दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया और आजीवन कठोर कारावास के साथ प्रत्येक पर 1-1 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

#### पुलिस टीम का सम्मान

इस मामले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पुलिस एवं अभियोजन टीम को पुलिस अधीक्षक हितिका वासल द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन अरविन्द सक्सेना ने टीम को 30,000 रुपये नगद पुरस्कार देने की घोषणा की।

#### पुलिस का संदेश

गंभीर अपराधों में त्वरित कार्रवाई और दोषियों को शीघ्र सजा दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम पठारी निवासी संन्टू लोधी उम्र 21 साल ने महुआ वाले खेत में बबूल के पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम भेंसोनकला निवासी उमा कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से आशीष, बृजेश, गोंलू और गुडडी बाई कुशवाह ने दहेज की मांग को लेकर उससे मारपीट की और मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ति किया, जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### युवक ने घर में ही फांसी लगाई

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम केलारस निवासी समरथ पुत्र प्रकाश जाटव उम्र 32 साल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### ऑनलाईन सट्टा खेल रहे 3 आरोपियों से मोबाइल जब्त

**अशोकनगर।** जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने जलसा गार्डन के पास मन्दसौर मिल क्षेत्र निवासी सौरभ भार्गव, अभिषेक रघुवंशी और गोलू धाकड़ को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने दो मोबाइल जप्त किए हैं जिससे वह ऑन लाईन सटटा खेल रहे थे।

### मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरूधाम कॉलोनी निवासी गोलू रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक और हरगोविन्द रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले विजयपुरा निवासी गोरेलाल रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मेहरवान प्रजापति, धर्मेन्द्र और राजकुमार रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी सुभम रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनोज रैकवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। ग्राम भेलवासा निवासी रमेश जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सचिन जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### शहर के गांधी चौक पर महाआरती का आयोजन, जगह-जगह हुआ स्वागत

# भगवान परशुराम की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई, चल समारोह निकला







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भगवान परशुराम जयंती के पर्व पर रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में परशुराम जयंती के अवसर पर शहर में श्री हरि भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम जी की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई है। इस दौरान नगर के परशुराम मंदिर पर सुबह के समय से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूजा पाठ का सिलसिला शुरू हुआ और समिति द्वारा एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। जिसमे मातृशक्ति दुर्गा बहनों ने भी बड़ी संख्या मे रही। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया और फूल बरसाए गए।

शोभायात्रा से पहले शहर के परशुराम धर्मशाला स्थित मंदिर पर भगवान परशुराम जी महा आरती की गई और उसके बाद शोभा यात्रा शुरू हुई, जो नगेश्री चैराहा, अंबेडकर भवन, सुराना चैराहा, इंदिरा पार्क, गांधी पार्क होते हुए पुराने बाजार के रोड से वापस परशुराम धर्मशाला पहुंची, जहां पर शोभायात्रा का समापन हुआ। इस दौरान भगवान परशुराम जी की प्रतिमा रखकर आकर्षक झांकी सजाई गई। सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा निकाली गई इस शोभा यात्रा में अन्य सभी समाजो के लोगों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शोभा यात्रा में शामिल हुए। सभी श्रद्धालुओं मे इस शोभा यात्रा समारोह के दौरान खासा उत्साह देखा गया।

### महाआरती का नजारा देखने लायक था

शोभायात्रा में इस बार एक विशेष महा आरती गांधी पार्क पर आयोजित की गई जिसमें गंगा आरती के जैसा नजारा देखने को मिला। इस अवसर पर 1008 प्रभुतानंद पीली कोठी चित्रकूट 1008 युवराज महंत रामचंद्र दास महाराज इस अवसर पर आचार्य यशवंत शास्त्री द्वारा 51 हजार रुपए सर्व ब्राह्मण धर्मशाला ट्रस्ट को दिए गए और प्रत्येक वर्ष 51000 देने की घोषणा की साथ में आचार्य रामेश्वर शास्त्री द्वारा भी उनकी माताजी के माध्यम से 11000 देने की घोषणा की,प्रत्येक वर्ष ब्राह्मण सम्मेलन के लिए 5100 देने की घोषणा की।

### समिति द्वारा विवाह जोड़ों का भी आयोजन किया गया

समिति द्वारा विवाह जोड़ों का भी आयोजन किया गया। सर्व ब्राह्मण ट्रस्ट के अध्यक्ष ओम प्रकाश चैधरी सचिव राजेश शर्मा डॉ दीपक मिश्रा हरिओम शर्मा छैलाई हरिओम नायक रमेश खोपरा ओपी शर्मा युवा अध्यक्ष बलराम वीरू बोहरे, वीरू संजीव बोहरे रामकुमार शर्मा दीपक शर्मा सुनील बोहरे वरिष्ठ समाजसेवी रमेश नायक नारायण प्रसाद शर्मा धर्मेंद्र चैधरी रविन्द्र भारद्वाज प्रमुख उपिस्थित रहे साथ मे कैप्टन हर्षित शर्मा पुत्र मंटू शैलेन्द्र शर्मा का भी सम्मान किया गया। इस पर अखंड रघुवंशी समाज अध्यक्ष गंगा रघुवंसी समाज के नेतृत्व मे महिलाओं ने महा आरती भाग लिया उनका भी समाज द्वारा सम्मान किया गया। प्रमुख लोगों ने कार्यक्रम का व्यवस्थापन किया शोभा यात्रा में आकर्षक झांकी एवं हजारों की संख्या में जनसमूह बाद सभी समाजों ने स्वागत किया और सभी समाजों के प्रमुख लोगों उपस्थित रहे सभी का आभार डॉ दीपक मिश्रा ने सर्व हिंदू समाज का आभार किया।

# धर्मान्तरण एवं दुष्प्रेरण के प्रकरण में 10,000 हजार रुपए के 2 इनामी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



विशेष जॉच दल द्वारा नाबालिग बालिकाओं के विरुद्ध धर्म परिवर्तन, बहला-फुसलाने, दुष्कर्म, जबरन निकाह कराए जाने के प्रकरण में 10,000 हजार रूपये के इनामी 02 आरोपी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि 16 अप्रेल को थाना पिपरई अंतर्गत नाबालिक बालिकाओं के धर्म परिवर्तन एवं दुष्प्रेरण की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना पिपरई में अपराध क्रमांक 103/2026 धारा 137(2), 64(2)(एम), 65(1) बीएनएस, 3/4, 5 एल/6, पोस्को एक्ट, धारा 3/5 म.प्र. धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, धारा 3(2)(व्ही) एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीवद्ध कर विवेचना मे लिया गया। मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए विवेक शर्मा, एसडीओपी अशोकनगर के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 10,000 रूपये का इनाम घोषित किया गया था। उक्त प्रकरण में एक विधि विवादित बालक एवं जस्सी किन्नर को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण के आरोपी को गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग टीमों भोपाल एवं आसपास के क्षेत्र के संभावित स्थानों पर लगातार सक्रीय थी, जिसके परिणाम स्वरूप प्रकरण के आरोपी अल्तमश कुरैशी पुत्र रफीक कुरैशी उम्र 19 साल निवासी मोतीबाग भोपाल एवं आरोपी आहद उर्फ आहत शेख पुत्र हबीबउल्ला उम्र 19 साल निवासी अर्जुन नगर झुग्गी भोपाल को ऐशबाग भोपाल से गिरफ्तार किया गया है।

### धर्मान्तरण के गंभीर मामले में भोपाल के किन्नर एसपी से मिले

यह धर्मान्तरण का मामला कोई बड़ी बात नहीं है कि गंभीर रूप न धारण कर ले, इस संबंध में भोपाल के किन्नरों ने अशोकनगर में एसपी से मुलाकात की और कहा कि जिस जस्सी किन्नर को गिरफ्तार किया गया है, वह एक छोटी मछली है, इस प्रकरण में बड़े मगरमच्छ भी शामिल हैं उन पर भी कार्यवाही होना चाहिए। भोपाल से आई किन्नर काजोल ठाकुर ने अशोकनगर पुलिस की इस कार्यवाही की प्रशंसा की है।

# नगरपालिका पीआईसी की बैठक में विकास कार्यों को मिली हरी झंडी

## सड़कों और स्वच्छता पर रहेगा जोर



**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद अशोकनगर की प्रेसीडेंट- इन- काउंसिल की महत्वपूर्ण बैठक नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में शहर के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा की गई और सर्वसम्मति से उन पर मुहर लगाई गई।

बैठक में परिषद के वरिष्ठ सदस्य और अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे। पार्षदगणों में महेंद्र भारद्वाज, प्रमेन्द्र तायडे जॉर्ज, डॉ जयमंडल यादव, गीता आर्य, आयुषी सतपाल लोधी, निक्की मोनू रघुवंशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उनीतान सहित नगर पालिका के अन्य विभागीय अधिकारी शामिल थे।

### बैठक में मुख्य निर्णय और स्वीकृतियां।

1 बैठक के दौरान शहर की अधोसंरचना और स्वच्छता को लेकर निम्नलिखित बड़े फैसले लिए गए।

2 क्षतिग्रस्त सड़कों का कायाकल्प वर्षाकाल के दौरान शहर की जो डामर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं, उन पर पुनः डामर कार्य (पेच वर्क एवं निर्माण) कराने की स्वीकृति दी गई है। इससे शहरवासियों को आवागमन में सुगमता होगी।

3 स्वच्छ भारत मिशन 2.0 मिशन के अंतर्गत आरोन रोड सब्जी मंडी के पास नए सार्वजनिक शौचालय के निर्माण को मंजूरी दी गई है।

4 स्ट्रीट लाइट व्यवस्था शहर की सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लाइटों की मरम्मत और आवश्यक सामग्री के क्रय (खरीद) हेतु बजट को स्वीकृति प्रदान की गई।

5 स्मार्ट सिटी योजना स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत होने वाले विभिन्न कार्यों और उनकी (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

### सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे

हमारा मुख्य उद्देश्य नगर का सर्वांगीण विकास और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। स्वीकृत किए गए सभी कार्यों को समय सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाएगा।

**नीरज मनोरिया** नपा अध्यक्ष अशोकनगर।



### सर्व ब्राह्मण महिला शक्ति संगठन ने चल समारोह का स्वागत किया

**अशोकनगर।** सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन द्वारा परशुराम जयंती पर जुलूस का स्वागत आइसक्रीम व पानी देकर किया गया। संगठन की अध्यक्ष अंजना दुबे ने बताया कि संगठन द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर निर्धनों को मटके दान भी किए गए। मटका दान महादान इस उद्देश्य के साथ संगठन द्वारा यह सेवा कार्य किया गया। अध्यक्ष अंजना दुबे, सचिव वंदना पाराशर, कोष अध्यक्ष रीना बुधौलिया, उपाध्यक्ष रानी राजोरिया,रुचि शर्मा मार्गदर्शिका राखी तिवारी डॉक्टर रजनी शुक्ला, उमा बहन, मधु दुबे, लता दुबे, राम कुमारी शर्मा, अर्चना उपाध्याय सीमा शर्मा, शर्मिष्ठा पाराशर, कमलेश दुबे, कविता शर्मा,ममता शर्मा,रानी पाठक ,संगीता शर्मा, भावना शर्मा, शर्मिष्ठा पाराशर आदि रहे मौजूद।

# पुलिस ने फर्जी बैंक खाते खुलवाकर ठगी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

## खाते किसी और के नाम से संचालन कोई और करता था



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



सिट कोतवाली पुलिस ने धोखाधडी करने वाले एक ऐसे 4 आरोपियों को पकड़ा है जो फर्जी बैंक खाते खुलवाने का काम करते थे। जिसके बदले में वह उन्हें कुछ पैसे देते थे और बैंक खाते खोलने के बाद इन खातों को महानगरों के लोगों द्वारा संचालित किया जाता था, पुलिस ने ऐसे आरोपियों के पास से मोबाइल भी जप्त किए हैं।

सिटी कोतवाली के टीआई रवि प्रताप सिंह चैहान ने बताया कि 7 अप्रेल को आवेदक रौनक पुत्र कन्हैयालाल यादव, उम्र 20 वर्ष, निवासी तार वाले बालाजी मंदिर के पास अशोकनगर द्वारा थाना कोतवाली में एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन में बताया गया कि करन अहिरवार अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों के आधार एवं पैन कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी बैंक खाते खोलते हैं तथा उन्हें अन्य व्यक्तियों को बेचकर अवैध लाभ अर्जित करते हैं। आवेदन की जांच पर आरोपियों द्वारा आवेदक सहित अन्य व्यक्तियों के दस्तावेज लेकर बिना वैधानिक प्रक्रिया के बैंक खाते खोलना तथा उन खातों का दुरुपयोग करना पाया गया। साथ ही खाताधारकों को पूर्ण भुगतान न कर धोखाधड़ी करना भी सामने आया। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली अशोकनगर में अपराध क्रमांक 247/2026 धारा 318(4), 316(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 66(सी) आईटी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपी करन अहिरवार, निवासी भौराकाछी, सुयाश सिंघई, निवासी दुबे कॉलोनी, अशोकनगर, जितेन्द्र पुरी, निवासी विंध्याचल कॉलोनी, गुना एवं प्रवल प्रताप सिंह तोमर, निवासी गुना को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जप्त किए गए हैं, जिनमें बैंक खातों से संबंधित दस्तावेजों के दुरुपयोग के महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। प्रारंभिक जांच में बड़े पैमाने पर वित्तीय लेन-देन (लाखों से करोड़ों रुपये तक) होने की संभावना पाई गई है।

# मुगावली में कटारिया समाज की बैठक हुई आयोजित



**मुंगावली।** कटारिया रावत राजपूत ठाकुर समाज की बैठक गुरुवार को मुंगावली में सामुदायिक भवन रामनगर पर हुई। मुंगावली रामनगर मे कटारिया समाज का 4500 वर्ग फुट मे भवन निर्माण का कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो गया है इस भवन निर्माण में अभी तक 22 लख रुपए लग चुके हैं। इसी भवन पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन कटारिया रावत राजपूत ठाकुर के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं युवा मोर्चा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष के लिए बैठक रखी गई।

जिसमें विधि वत समाज के 30 गांव में पंपलेट बाटे गए प्रत्येक गांव में जाकर सूचना दी गई बैठक निर्धारित समय पर हुई बैठक में समाज के 30 गांव से कटारिया रावत ठाकुर राजपूत समाज के 200 समाज जन उपस्थित हुए। बैठक का एजेंडा समाज के लिए नया अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं युवामोर्चा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष लिए रखी गई। बैठक में सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया कि वायलोज हिसाब से जब तक प्रदेश बॉडी का चयन नहीं होता तव तक के लिए पुनः तखत सिंह राजपूत मुंगावली वालों का कार्यकाल 3 साल के लिए और आगे बढ़ाया जाए। उनके साथ उपाध्यक्ष के पद पर ध्यान सिंह कटारिया तारंई सरपंच को पद पर नियुक्त किया जाता है। साथ ही युवा मोर्चा के अध्यक्ष के लिए इंद्रपाल सिंह कटारिया गीलरोपा उपाध्यक्ष पद के लिए भैयाराम तारंई को सर्वसम्मिति से सभी समाज भाइयों ने जवाबदारी दी गई।

प्रदेश उपाध्यक्ष गौतम सिंह कटारिया ने कहा जैसे ही प्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का गठन होगा उसके तुरंत बाद जिला अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का गठन जिले में हो जाएगा। एक सामाजिक व्यवस्था के तहत जब तक प्रदेश बॉडी का गठन नहीं होता तब तक के लिए पुनः तखत सिंह राजपूत को जिला अध्यक्ष की जवाबदारी सोपी जाती है सभी गांव से पधारे हुए अतिथियों ने तखत सिंह राजपूत ध्यान सिंह कटारिया इंद्रपाल सिंह कटारिया भैयाराम कटारिया माला पहनाकर स्वागत किया और सभी ने इस निर्णय की सराहना की। तखत सिंह राजपूत ने सभी का हाथ जोड़कर स्वागत किया एवं कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता समाज में मृत्यु भोज बंद करना है साथ ही समाज में कुछ गांव ऐसे भी हैं जहां शादी विवाह नहीं हो रहे हैं।

# आनंद ग्राम रांवसर में गीता स्वाध्याय के 101वें सप्ताह पर श्रीकृष्ण के भजनों से ग्रामवासी हुए आनंदित

**अशोकनगर।** जिले के समीपवर्ती ग्राम रांवसर जिसे आनंद विभाग ने विगत पांच पूर्व आनंद ग्राम के रूप में चयन किया है जहां विगत दो वर्ष से साप्ताहिक श्रीमद् भगवद्गीता का प्रति रविवार को सामूहिक स्वाध्याय किया जाता है। गत रविवार को श्री युगल सरकार श्रीमद् भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर मंडल रांवसर द्वारा 101वे रविवार को गीता स्वाध्याय को विशेष रूप से आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में समिति द्वारा अशोकनगर जिले के 24 ग्रामों में साप्ताहिक स्वाध्याय चलाने वाले गीता प्रेमियों को आमंत्रित किया गया था



तथा गीता स्वाध्याय शुरू होने के समय से अभी तक जो भी ग्रामवासी आयोजक बने थे उन्हें सम्मानित किया गया। गीता स्वाध्याय अंतर्गत 15वे अध्याय पुरुषोत्तम योग का स्वाध्याय किया गया। जिसमें रामबली यादव ने व्याख्या करते हुए कहा कि यह आवश्यक नहीं है कि हमें अपने जीवन के बाद पुनः मनुष्य शरीर प्राप्त हो क्योंकि हमारे कर्मों के अनुसार हमारी अगली योनि का निर्धारण होता है। भौतिक साधनों में खुशी तलाशने की जगह समाज में आपसी सामंजस्य और सकारात्मक विचारों को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। आनंद के लिए समर्पण, सहयोग, प्रेम, सह अस्तित्व, एक दूसरे की मदद करना, एक दूसरे की भावनाओं को समझना और कृतज्ञता व्यक्त करना आदि गुणों का विकास गीता स्वाध्याय के माध्यम से ग्रामवासियों में हो रहा है।

# जैन मिलन द्वारा अक्षय तत्तृीया पर गन्ने का रस का वितरण सुभाषगंज में किया गया



**अशोकनगर।** जैन मिलन अशोकनगर द्वारा रविवार को श्री 1008 भगवान आदिनाथ के प्रथम पारणा दिवस पर अक्षय तृतीया के पर्व पर इक्षू रस, गन्ने का रस का वितरण सुभाषगंज दिगंबर जैन आदिनाथ मंदिर पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें जैन मिलन के सभी वीर सदस्यों ने अपनी अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम सुबह 6:00 से अभिषेक शांति धारा उपरांत पूजन एवं रस वितरण में मुख्य भूमिका कार्यक्रम के, पुण्याजक सुनील अखाई एवं अजीत जैन बरोदिया एवं दिगंबर जैन पंचायत की यशस्वी अध्यक्ष राकेश कांशल ,राष्ट्रीय मंत्री वीर नरेशचंद जैन क्षेत्रीय मंत्री निर्मल मिर्ची, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नीलम जैन नीलू मामा संजीव टी कंपनी पूर्व अध्यक्ष मनोज जैन भोला आदि रहे मौजूद।

### मुख्यमंत्री ने की पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा की शुरुआत

# भोपाल-चंदेरी-ओरछा हेलीकॉप्टर यात्रा का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को राजधानी भोपाल के स्टेट हैंगर से पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा के अंतर्गत नए सेक्टर भोपाल-चंदेरी-ओरछा हेतु हेलीकॉप्टर को हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि हेली पर्यटन सेवा सर्वप्रथम ओंकारेश्वर-महाकालेश्वर-इंदौर सेक्टर में और कान्हा- बांधवगढ़-मैहर की माताजी-अमरकंटक-चित्रकूट में आरंभ हो चुकी है। आज हेली सेवा का तीसरा सेक्टर आरंभ हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा के अंतर्गत चंदेरी से ओरछा का किराया 2,750 रुपए , भोपाल से चंदेरी का 5,500 रुपये और भोपाल से ओरछा का किराया 6,500 रुपये रखा गया है। भोपाल से ओरछा का पैकेज 14 हजार 500 का है, जिसमें 13 हजार रुपये हेलीकॉप्टर का किराया, टैक्सी का शुल्क 1150 रुपए और दर्शन एवं




प्रसाद के लिए 350 रुपए का भुगतान करना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इस यात्रा के संचालन में मैचिंग ग्रांट के अंतर्गत बड़ी राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने, पर्यटकों की रुचि मध्यप्रदेश में बढ़ाने के उद्देश्य से मैचिंग ग्रांट के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा राशि दी जा रही है। पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा के शुभारंभ अवसर पर अशोकनगर जिले की पर्यटन नगरीय तहसील चंदेरी



स्थित किला कोठी हेलीपेड पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव,कलेक्टर साकेत मालवीय,भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी,नगरपालिका अध्यक्ष संतोष कोली सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वर्चुअल लाईव प्रसारण किया गया। शुभारंभ अवसर पर हेलीकॉप्टर भोपाल-ओरछा-चंदेरी पहुंचा।चंदेरी पहुंचने पर अतिथियों द्वारा यात्रा कर रहे पर्यटकों का स्वागत किया गया। साथ ही अतिथियों द्वारा हेलीकॉप्टर से पर्यटन चंदेरी नगर का भ्रमण भी किया गया।

### दोपहर 3 बजे ओरछा के पर्यटकों को लेकर हेलीकॉप्टर चंदेरी पहुंचा

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने और धार्मिक यात्राओं को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं आनंददायक बनाने के लिए रविवार को पीएमश्री हेली पर्यटन की शुरुआत की गई। दोपहर तीन बजे ओरछा से पर्यटकों को लेकर हेलीकॉप्टर चंदेरी पहुंचा और कीर्ति दुर्ग किला कोठी पर बने हेलीपैड पर लेंड हुआ जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पर्यटकों का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। माध्यम से पर्यटक चंदेरी जैसे प्रसिद्ध हेरिटेज पर्यटन स्थल की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का भी सहज एवं सुविधाजनक अनुभव ले पाएंगे।

### सुठालिया तहसील से महज 30 मिनट की दूरी पर लुट रही खनिज संपदा, जिम्मेदार झाड़ रहे अपना पल्ला


# खबर का असर तो हुआ पर माफिया ने बदला पैंतरा, दिन में 'कर्फ्यू', रात में पोकलेन का 'तांडव'

### खनिज अधिकारी ने फोन से बनाई दूरी, क्या विभाग की 'शरण' में फल-फूल रहा है रेत का काला कारोबार?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में बहने वाली पार्वती नदी इन दिनों रेत माफियाओं के लिए 'सोने की खदान' बन गई है। शेखनपुर और सेमलापार के घाटों पर जिस तरह से मशीनों का जाल बिछाया गया है, उसने प्रशासन के उन दावों की पोल खोल दी है जिसमें 'जीरो टॉलरेंस' की बात कही जाती है। 'हरिभूमि' द्वारा पिछले सप्ताह इस मुद्दे को उठाए जाने के बाद माफियाओं ने कुछ घंटों के लिए काम तो रोका, लेकिन अब सूरज ढलते ही नदी के सीने पर पोकलेन मशीनों का शोर शुरू हो जाता है।

हैरानी की बात यह है कि सुठालिया तहसीलदार को मामले की पूरी जानकारी दी गई, लेकिन उनके कदम अब तक मौके तक नहीं पहुंचे। अधिकारियों की यह 'कछुआ चाल' ही माफियाओं के लिए 'ग्रीन सिग्नल' साबित हो रही है। राजस्व और खनिज विभाग के बीच तालमेल की कमी है या फिर जानबूझकर आंखें मूंदी जा रही हैं, यह अब चर्चा का विषय बन गया है।






#### पत्थरों के पहाड़ और लहूलुहान नदी

रेत निकालने की सनक इस कदर हावी है कि माफियाओं ने नदी के प्राकृतिक स्वरूप को ही बिगाड़ दिया है। रेत छानने के बाद निकले पत्थरों को नदी के बीच में ही जमा कर पहाड़ बना दिए गए हैं। इससे न केवल जल प्रवाह प्रभावित होगा, बल्कि आने वाले मानसून में यह आसपास के गांवों के लिए तबाही का कारण बन सकता है।

#### खनिज अधिकारी का फोन नहीं उठता

जब इस संबंध में खनिज अधिकारी मुकेश शेखरवार से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उनका फोन नहीं उठा। जिले के इतने महत्वपूर्ण पद पर बैठे अधिकारी का जनता और मीडिया के प्रति यह उदासीन रवैया बताता है कि विभाग अवैध खनन रोकने के प्रति कितना गंभीर है।

#### करोड़ों की चपत, माफिया की मौज

- **रोजाना की चोरी:** अनुमान के मुताबिक, हर रात सैकड़ों डंपर रेत निकाली जा रही है।
- **रॉयल्टी का घाटा:** बिना किसी वैध कागज के हो रहे इस काम से सरकार को करोड़ों के राजस्व की चपत लग रही है।
- **मशीनों का खेल:** नियमानुसार नदी के भीतर पोकलेन मशीनों का प्रवेश वर्जित है, फिर भी यहाँ सरेआम खुदाई जारी है।

#### हम देखते रह जाते हैं, वो रेत ले जाते हैं

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि रात भर चलने वाले भारी वाहनों के कारण ग्रामीण सड़कें धंस रही हैं। माफियाओं का खौफ इतना है कि कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं। प्रशासन की दूरी ने ग्रामीणों के विश्वास को भी तोड़ दिया है।

#### एक 'छुट्टी' पर, दूसरे के पास 'गाड़ी' नहीं; आखिर कैसे रुकेगा अवैध कारोबार?

जिम्मेदार अधिकारी 23 तारीख तक छुट्टी का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं, तो वहीं चार्ज संभाल रहे तहसीलदार रणधीर सिंह मीणा ने रात में जाने से साफ इंकार कर दिया है। तहसीलदार का तर्क है कि उनके पास वाहन की सुविधा नहीं है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब अधिकारी छुट्टी और संसाधनों के अभाव का गणित लगा रहे हैं, तब तक मौके पर क्या स्थिति बचेगी? इस मामले में जब संबंधित अधिकारी रामनिवास धाकड़ सुठालिया तहसीलदार से बात की गई तो उन्होंने कहा, ४मैं अभी 23 तारीख तक छुट्टी पर हूँ और वर्तमान में प्रभार मीणा जी को सौंपा गया है। वापस लौटते ही पुलिस और खनिज विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुँचकर कार्रवाई की जाएगी।

#### इनका कहना है

मेरे पास फिलहाल गाड़ी उपलब्ध नहीं है और रात के समय कार्रवाई के लिए जाना संभव नहीं है। फिर भी, पुलिस और खनिज विभाग के साथ समन्वय बनाकर जल्द ही एक्शन लिया जाएगा।

रणधीर सिंह मीणा, चार्ज प्रभारी सुठालिया

### विहिप, बजरंग दल ने किया प्रदर्शन

## लव जिहाद के विरोध में फूंका जिहादी मानसिकता का पुतला



> लव जिहाद, लैंड जिहाद जैसे कृत्यों पर विहिप, बजरंग दल की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

संपूर्ण भारत में एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा अंजाम दिए जा रहे लव जिहाद, लैंड जिहाद जैसे कृत्यों पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की जिला इकाई सामने आई है। उक्त मामलों को देश की अखंडता पर करारा प्रहार बताते हुए संगठन पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

इससे पूर्व नगर के खिलचीपुर नाका स्थित शिवाजी चौराहे पर विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जिहादी मानसिकता पर लगाम कसने काफी समय तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान शिवाजी चौराहे पर संगठन द्वारा कथित जिहादी मानसिकता के विरोध में प्रतीकात्मक पुतला दहन भी किया गया। इसके पश्चात प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। सभा को संबोधित करते हुए प्रांत के सह प्रचार-प्रसार प्रमुख कपिल शर्मा ने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण के प्रयास किए जा रहे हैं।

#### मातृ-शक्तियों के लिए बड़ा खतरा

संगठन के पदाधिकारियों ने यह भी कहा देश की बच्चियों और मातृ-शक्तियों के लिए ऐसी मानसिकता वाले लोग एक बहुत बड़ा खतरा हैं। पूरे देश में अब तक ऐसे अनेकों मामले सामने आ चुके हैं जिनसे साबित हो चुका है कि लव-जिहाद के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर से फंडिंग हो रही है। इस अवसर पर विभाग मंत्री अशोक गुप्ता, विभाग संयोजक राजू मीणा, सहसंयोजक आशीष मेवाड़, जिला अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, जिला संयोजक सोनू शर्मा, जिला मंत्री मयंक जायसवाल, जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख लखन गुर्जर, बाल उपासना प्रमुख चेतराम गुर्जर, महिला उपाध्यक्ष ममता रानोलिया, चंदन महेश सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ट्रांसफार्मर के नीचे लगी आग

## हादसा टला: सड़क निर्माण के दौरान बिजली लाइन पर अचानक गिरा पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास

दूधिया दीवान दूधिया दीवान से लखनवास के बीच चल रहे नई सड़क निर्माण कार्य के दौरान रविवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। लापरवाही की स्थिति तब बनी जब संवासी के पास चालू विद्युत लाइन के बीच मशीन से पेड़ गिराए जा रहे थे।

#### क्या है पूरा मामला?

रविवार सुबह करीब 10:00 बजे, दूधिया दीवान से लखनवास मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,



संवासी के पास बिना रास्ता बंद किए और बिना बिजली की सप्लाई काटे (चालू लाइट में), पोकलैंड मशीन से पेड़ों को गिराने का काम किया जा रहा था। इसी दौरान एक भारी-भरकम लिपट्स का पेड़ सीधे हाई वोल्टेज बिजली के तारों पर जा गिरा।

#### मची अफरा-तफरी, ट्रांसफार्मर के नीचे लगी आग

पेड़ तार पर गिरते ही जोरदार धमाका हुआ और पास ही स्थित बिजली के ट्रांसफार्मर में भीषण स्पार्किंग होने लगी। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर के निचे आग लग गई। गनीमत यह रही कि उस वक्त पेड़ जब ट्रांसफार्मर पर गिरा तब तार नहीं टूटा वाहन रोड पर ओर मोटरसाइकिल सवार बड़ी लाइट के तार के नीचे ही खड़े थे अन्यथा जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था। हादसे के बाद मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

## भगवान देवनारायण की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का श्रीगणेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के देवनारायण कॉलोनी स्थित प्रसिद्ध देवनारायण मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का पांच दिवसीय आयोजन शुरू हुआ। गुर्जर समाज द्वारा आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रथम दिवस पंचकुण्डात्मक श्री विष्णु यज्ञ के साथ शनिवार को श्री गणपति पूजन , ग्राम देवता पूजन , हैमाद्री दशविधि स्नान ,मंडप प्रवेश उपरांत नगर के विभिन्न मार्गो से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कि शुरुआत भगवान देवनारायण मंदिर से प्रारंभ हुई जो कि नगर के जमाई कॉलोनी , किशनगढ़ मोहल्ला , बुधवारिया बाजार होते हुए मंदिर पहुंची। कलश शोभा यात्रा में महिलाओं ने बड़ी संख्या में कलश धारण कर रखें थे। जिसमें गुर्जर समाज बंधुओ सहित अन्य भगवान देवनारायण भक्त शामिल हुए। आयोजक गुर्जर समाज द्वारा भगवान देवनारायण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का यह आयोजन रखा गया जिसमें 23 अप्रैल 2026 को प्राण प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति तथा दोपहर पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

## परशुराम जयंती पर निकला चल समारोह बैंड-बाजों की गूंज के साथ निकली यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सारंगपुर नगर में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाज अध्यक्ष आशुतोष वैध ने किया। इस अवसर पर भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं और बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। चल समारोह की शुरुआत पंडितवाड़ी स्थित श्री राम मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद बैंड-बाजों और जयकारों के बीच शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकली। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया गया, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। प्रतिभागियों ने केसरिया दुपट्टे धारण कर भगवान परशुराम के जयघोष लगाए, जिससे नगर में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा।

चल समारोह का समापन परशुराम चौराहा पर किया गया, जहां भगवान परशुराम की महाआरती की गई। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। आयोजन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल,हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला सहित समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग और महिलाएं बढ़-चढ़कर शामिल हुए। समाज अध्यक्ष आशुतोष वैध ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता, संस्कार और धार्मिक चेतना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को और भव्य रूप से आयोजित करने की बात कही।

### अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में अनेक स्थानों पर आयोजित हुए विवाह

## कन्यादान एवं निकाह योजना में 69 जोड़ों ने थाम लिया एक दूसरे का हाथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विवाह के लिए अतिपावन मानी जाने वाली अक्षय तृतीया तिथि पर कल रविवार को जिले में अनेक स्थानों पर सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन करवाया गया। विभिन्न समाजों द्वारा आयोजित इन सम्मेलनों में अनेकों जोड़े परिणय-सूत्र में बंधे। मुख्यमंत्री कन्यादान एवं निकाह योजना के तहत ब्यावरा क्षेत्र में आयोजित भव्य विवाह सम्मेलन में 69 जोड़ों ने कभी जीवन पर्यंत साथ रहने का संकल्प लिया। इनमें 62 जोड़ों ने सप्तवेदी के सम्मुख सात फेरे लिए, वहीं 7 जोड़ों का निकाह संपन्न करवाया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर नव-विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए समूची व्यवस्थाएं देखीं।

अपने संबोधन में मंत्री पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाएं जैसे 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'प्रधानमंत्री आवास योजना', 'उज्ज्वला योजना' और 'आयुष्मान भारत' देश के गरीब, वंचित और जरूरतमंद वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जनकल्याण और विकास की दिशा में निरंतर प्रभावी कार्य हो रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना, लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना जैसी पहल समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर महिलाओं और गरीब परिवारों के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

**प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों ने संभाली समस्त व्यवस्था**-उक्त शासकीय आयोजन को संपन्न करवाने प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरी व्यवस्थाएं संभाली। वर-वधू पक्ष के लोगों के लिए पेयजल, भोजन समेत अन्य तमाम इंतजाम सुव्यवस्थित रूप से करवाए गए थे। अनेकों पटवारियों सहित अन्य कर्मचारियों ने आयोजन को सफल रूप से संपन्न करवाया। शासन के नियमानुसार हर वधू को उपहार सामग्री प्रदान की गई, वहीं वधू के खाते में निर्धारित राशि हस्तांतरित करवाई गई।

**सभी जोड़ों पर फूलों की हुई बरसात:** विवाह की रस्में पूर्ण होने पर राज्यमंत्री श्री पंवार सहित भाजपा के युवा पदाधिकारी जगदीश पंवार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सभी नवयुगलों पर पुष्पवर्षा करते हुए उनके भावी सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। संपूर्ण आयोजन पूरी तरह व्यवस्थित, गरिमामय एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

#### तंवर समाज का विवाह सम्मेलन आगामी 25 को होगा आयोजित

विवाह के शुभ मुहूर्त आगामी दिनों में भी चलते रहेंगे। ऐसे में क्षेत्र के तंवर समाज द्वारा भी आगामी 25 अप्रैल को धंधा जोड़ स्थित बाबा रामदेव मंदिर परिसर में विवाह सम्मेलन का आयोजन करवाया जाने वाला है। उक्त आयोजन हेतु पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर सहित समाज के अन्य पदाधिकारी बीते अनेक दिनों से व्यवस्थाओं में जुटे हैं। सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले वर-वधू का बालिग होना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही विवाह सम्मेलन में शराब या किसी भी तरह का नशा करके आने वाले पर जुर्माना लगाने का निर्णय भी आयोजन समिति ने लिया है।

## वृक्षों पर सकोरे बांध विद्यार्थियों को समझाया उनका महत्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है। आमजनों, राहगीरों, यात्रियों की प्यास बुझाने प्रशासन, निकायों, स्वयंसेवी संगठनों द्वारा जहां स्थान-स्थान पर प्याऊ, वाटर कूलर आदि स्थापित करवाए गए हैं, वहीं विभिन्न स्कूलों में पक्षियों के लिए सकोरे (जलपात्र) रखने की पहल भी की जा रही है। इसी कड़ी में समीपस्थ प्राथमिक विद्यालय कराड़िया परिसर स्थित वृक्षों व अन्य स्थानों पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा पक्षियों के पानी पीने हेतु सकोरे बांधे गए। इस दौरान स्कूल प्रभारी देवेंद्र जाधव एवं शिक्षिका श्रीमती सोनी द्वारा बच्चों को सकोरें बांधने का महत्व समझाया गया। बच्चों को बताया गया कि इंसान तो किसी तरह अपने लिए पीने के पानी की व्यवस्था कर लेते हैं लेकिन प्यास के कारण बेजुबान पक्षियों की मौत हो जाती है। ऐसे में इन निरीह पक्षियों को बचाने आप सभी बच्चे भी अपने-अपने घरों की छत व अनुकूल स्थानों पर पक्षियों के सकोरे रखें ताकि बेजुबान प्यास से न मरें।

### विधायक यादव ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर शुरू करवाया फाइनल

## आहिल एवेंजर ने अपने नाम किया आईपीएल राजगढ़ का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आईपीएल की तर्ज पर मुख्यालय स्थित स्टेडियम में चल रहे 13 दिवसीय टूर्नामेंट का शनिवार रात्रि रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ समापन हो गया। अंतिम दिन आहिल एवेंजर और विजय रॉयल के बीच हुए खिताबी मैच में आहिल एवेंजर ने जीत दर्ज करते हुए खिताब पर कब्जा जमा लिया।

देर रात्रि करीब 1 बजे तक चले मैच के उपरांत विजेता आहिल एवेंजर को बतौर इनाम 71 हजार रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं उप-विजेता विजय रॉयल को 40 हजार रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इस टूर्नामेंट में 10 टीमों ने हिस्सा लिया था जिन्होंने 13 दिनों तक चले टूर्नामेंट में बेहतरीन क्रिकेट का परिचय दिया। फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए विजय रॉयल ने 61 रन




बनाए। लक्ष्य का आसान पीछा कर रही आहिल एवेंजर के सामने विजय रॉयल के गेंदबाज गोविंद प्रजापति ने एक ओवर में चार विकेट लेकर मैच को रोमांचक मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया। अंतिम ओवर तक चले संघर्ष उपरांत अंततः आहिल एवेंजर ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के दोनों नकद पुरस्कार सरोश हाशमी द्वारा प्रदान किए गए।

#### सभी के सहयोग से संपन्न हुआ टूर्नामेंट

आयोजन समिति अध्यक्ष अनिल जैन ने बताया कि 'मैन ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार हर्षांत इंगले द्वारा आहिल एवेंजर के मनीष को प्रदान किया गया। बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार गोविंद प्रजापति (ब्यावरा), बेस्ट फील्डर बाबू सिसोदिया (कड़िया), बेस्ट बल्लेबाज मनीष डाकलानिया को प्रदान किया गया। बेस्ट कमेंट्री के लिए शेरू पठान (चाचौड़ा) एवं बेस्ट अंपायरिंग का सम्मान ग्वालियर के गौरव कलोसिया को मिला। टूर्नामेंट को सफल बनाने में विधायक अमर सिंह यादव, नपाध्यक्ष विनोद साहू, संरक्षक भानू ठाकुर, आमिर अली, फरीद अंसारी, विनय राणावत, मोहित कारपेंटर, दीपक, विकास प्रजापति, रमन पीपलोटिया, संदीप यादव सहित अन्य का अहम योगदान रहा।